समस्त गतिविधियों व उसके संस्कार

कॉलेज की त्रैमासिक पत्रिका और दो पुस्तकों का लोकार्पण

लोकार्पण करते रूसा के प्रो. कामेश्वर झा तथा कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित.

दरभंगा. एमएलएसएम कॉलेज की त्रैमासिक पत्रिका, डॉ रामचंद्र चंद्रेश द्वारा संपादित पुस्तक ₹प्रतिबिंब₹ व डॉ संजय द्वारा संपादित भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां पुस्तक का लोकार्पण बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर झा व मिथिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित ने किया. कुलसचिव प्रो. अजय पंडित ने कहा कि प्रतिबिंब एक सफल पत्रिका है. इसकी संक्षिप्त सूचना बेहतरीन है. बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर झा ने ₹भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां₹ को सफल पुस्तक बताया. सेमिनार, सिंपोजियम, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस निरंतर करते रहने की सलाह दी. प्रधानाचार्य प्रो. शंभू कुमार यादव व प्रो. संजय कुमार झा ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला. मंगलाचरण डॉ ममता ठाकुर तथा प्रतिभा कुमारी ने स्वागत गान प्रस्तुत किया. मौके पर डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ सुबोध चंद्र यादव, डॉ शौकत अंसारी, डॉ ऋषिकेश पाठक, डॉ नंदकिशोर झा आदि थे.